दैनिक भास्कर
20-03-2026

दैनिक भास्कर
पटना 20-03-2026

2.25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर, प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

पटना| योजना एवं विकास विभाग की ओर से सतत विकास लक्ष्यों पर राष्ट्रीय कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हो गई। इसमें अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कहा कि योजनाओं का सतत विकास लक्ष्य के साथ समन्वय जरूरी है, जिससे समावेशी, सतत एवं संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। राज्य सरकार ने वर्ष 2017 में विजन तैयार कर सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को विकास लक्ष्यों से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि बिहार का एसडीजी स्कोर वर्ष 2018 के 48 से बढ़कर 2023-24 में 57 हो गया है। स्वच्छ जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में 98 अंक प्राप्त कर देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। राज्य ने बहुआयामी गरीबी में कमी लाते हुए लगभग 2.25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। बिहार की जीएसडीपी वृद्धि दर वर्ष 2024-25 में 13.1 प्रतिशत रही है। प्रति व्यक्ति आय भी लगातार बढ़ी है।